# अभ्यास पत्रक

## 13. पेड़ की बात (जगदीशचंद्र बसु)

नाम :- ............ कक्षा :- ............ अवधि :- .............. अनुक्रमांक :- ........ प्राप्तांक :- .......

### मिलकर करें मिलान

1. पाठ में से चुनकर कुछ वाक्यांश नीचे दिए गए हैं। अपने समूह में इन पर चर्चा कीजिए और इन्हें इनके सही अर्थ या संदर्भ से मिलाइए। **6**

| वाक्यांश | अर्थ या संदर्भ |
|---|---|
| 1. बीज का ढक्कन दरक गया | 1. मटमैली माटी और विषाक्त वायु से सुंदर-सुंदर फूलों में परिवर्तित होते हैं। |
| 2. उसे 'अंगारक' वायु कहते हैं | 2. जीवन के लिए सूर्य का प्रकाश आधारशक्ति या महत्त्वपूर्ण है। |
| 3. पत्ते सूर्य ऊर्जा के सहारे 'अंगारक' वायु से अंगार निःशेष कर डालते हैं | 3. अपनी सम्पन्नता और भावी पीढ़ी की उत्पत्ति से प्रसन्न संतुष्ट। |
| 4. प्रकाश ही जीवन का मूलमंत्र है | 4. साँस छोड़ने पर निकलने वाली वायु-कार्बन डाईआक्साइड। |
| 5. जैसे फूल-फूल के बहाने वह स्वयं हँस रहा हो | 5. सूर्य के प्रकाश से पत्ते विषाक्त वायु के प्रभाव को नष्ट कर देते हैं। |
| 6. इस अपरूप उपादान से किस तरह ऐसे सुंदर फूल खिलते हैं | 6. बीज के दोनों दलों में दरार आ गई या फट गए। |

### सोच-विचार के लिए

**2. नीचे लिखे हुए प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

(क) बीज के अंकुरित होने में किस-किस का सहयोग मिलता है? **1**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

(ख) पौधे अपना भोजन कैसे प्राप्त करते हैं? **2**

उत्तर- ..........................................................................................

..........................................................................................

..........................................................................................

### लेख की रचना

3. इस लेख में एक के बाद एक विचार को लेखक ने सुसंगत रूप से प्रस्तुत किया है। गमले को औंधा लटकाना या मूली काटकर बोना जैसे उदाहरण देकर बात कहना इस लेख का एक तरीका है। अपने तथ्य को वास्तविकता या व्यावहारिकता से जोड़ना भी इस लेख की विशेषता है।

**जैसे लेखक ने पेड़ की बात कही है वैसे ही अपने आस-पास की चीजें देखिए और किसी एक चीज पर लेख लिखिए, जैसे- गेहूँ की बात।** **3**

उत्तर-

4. पाठ के अन्तर्गत किस ऋतु का वर्णन किया है? **1**

(क) वसंत (ख) गर्मी (ग) सर्दी (घ) इनमें से किसी का नहीं

उत्तर-

5. 'पेड़ की बात' को बांग्ला से हिन्दी में अनुवाद किसने किया है? **1**

(क) जगदीशचंद्र बसु (ख) निराला

(ग) प्रसाद (घ) शंकर सेन

उत्तर-

6. पेड़-पौधे भोजन कैसे करते हैं? **2**

उत्तर-

7. पेड़ की पत्ती पर सूर्य का प्रकाश किस प्रकार अपना प्रभाव डालता है? **2**

उत्तर-

8. वन-अरण्य में जाने पर क्या पता लगेगा? **2**

उत्तर-

egyanarchive